# कार्यालय प्रबंध संचालक, जिला लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित,

महासमुंद वनमण्डल, महासमुन्द (छ.ग.)
फोन - 07723-223831 Email - mdjumsd@gmail.com

क्रमांक / 43

महासमुन्द, दिनांक 11/07/2024

—::विज्ञापन::—

जिला वनोपज सहकारी सहकारी संघ मर्यादित, महासमुंद के प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति बोकरामुड़ा, परसदा, बल्दीडीह एवं देवरी में प्रबंधक पद के रिक्त पद के भर्ती करने के लिये योग्य उम्मीदवारों से दिनांक 25.07.2024 समय 5.00 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है । आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में **प्रबंध संचालक जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित महासमुंद** के नाम से संबोधित हो सीधे जिला यूनियन कार्यालय महासमुन्द में रजिस्टर एडी./स्पीड पोस्ट से भेजा जावें अन्य किसी माध्यम से प्रेषित आवेदन मान्य नहीं होगा ।

| कं. | प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति का नाम | पदनाम | कुल रिक्त पद | आरक्षित वर्ग | प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति के कार्य क्षेत्र में आने वाले तेन्दूपत्ता फड़/ गांव का नाम जहां के निवासी से आवेदन प्राप्त होना है | कार्यालय जहां आवेदन पत्र प्रेषित किया जाना है |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बोकरामुड़ा | प्रबंधक | 01 | अनारक्षित | बोकरामुड़ा, बकमा, मड़ियापारा, कोटरीपाली, खुसरूपाली, कण्डीझर, भालूचुंवा, छिनदादर, जामगांव, जुनवानी, मनबाय | प्रबंध संचालक जिला लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित महासमुंद, जिला महासमुंद (छ.ग.) |
| 2 | परसदा | प्रबंधक | 01 | अनारक्षित | बेलडीह, लिलेसर, चरौदा, परसदा | |
| 3 | बल्दीडीह | प्रबंधक | 01 | अनारक्षित | बल्दीडीह, लोहराकोट, मेमराडीह, मेमरा, भोकलूडीह, सपोस, गबौद | |
| 4 | देवरी | प्रबंधक | 01 | अनारक्षित | लोहरीनडोंगरी, भैरोपुर, ढ़ोडदादर, ढ़ाईदादर, ढाबाखार, देवरी, नारायणपुर | |

1. ओवदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 25.07.2024 शाम 5.00 बजे के बाद प्राप्त आवेदन मान्य नहीं होगा ।
2. पोस्ट/डाक कार्यालय द्वारा आवेदन विलंब से प्रेषित करने की स्थिति में इस कार्यालय की कोई जिम्मेदारी नहीं होगा ।
3. आवेदन पत्र का प्रारूप एवं नियुक्ति हेतु निर्धारित योग्यताऐं आयु सीमा, अन्य आर्हताऐं, चयन प्रक्रिया तथा वेतन भत्ते संबंधित जानकारी जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित महासमुंद वनमंडल महासमुंद से निःशुल्क प्राप्त की जा सकती है या छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ रायपुर के वेबसाईट **WWW.cgmfpfed.org** एवं कलेक्टर जिला महासमुंद के वेबसाईट www.mahasamund.gov.in से डाऊनलोड किया जा सकता है ।

प्रबंध संचालक,
जिला वनोपज सहकारी यूनि. मर्या.
महासमुंद वनमण्डल, महासमुन्द

D:\PMishra\Establishment\Prabandhak Bharti/Letter & order

Scanned with OKEN Scanner

# प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति में प्रबंधक पद नियुक्ति तथा निर्धारित आर्हता एवं चयन प्रकिया

(अ) नियुक्ति हेतु निधारित योग्य

1. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता हायर सेकेण्डरी (10+2) उत्तीर्ण होगी ।
2. अभ्यर्थी का संस्था क्षेत्र का निवासी होना अनिवार्य होगा ।
3. यह आवश्यक होगा कि अभ्यर्थी संस्था क्षेत्र के ऐसे संग्राहक परिवार से हो, जिसने नियुक्ति के पूर्व के 05 वर्ष 2020 से 2024 तक में से कम से कम 03 वर्षो में प्रत्येक वर्ष न्यूनतम 500 गड्डी तेन्दूपत्ता गड्डी संग्रहण का कार्य किया हो ।
4. छत्तीसगढ़ शासन या केन्द्र शासन से मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर का एक वर्षीय डिग्री/ डिप्लोमा होना आवश्यक है ।

(ब) आयु सीमा :–

चयन में स्पर्धा करने हेतु पात्र होने के लिये अभ्यर्थी को निम्नलिखित आयु पूरी करने होगी अर्थात् :–

1. 01 जनवरी 2024 को आवेदक की आयु 18 वर्ष रो कम अथवा 35 वर्ष से अधिक नही होना चाहिये ।
2. यदि अभ्यर्थी अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जन जाति या अन्य पिछड़े वर्गो (गैर क्रीमीलेयर) का हो तो उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 05 (पांच) वर्ष तक शिथिलनीय होगी ।
3. छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिये विशेष उपबंध) नियम 1997 के प्रवधानों के अनुसार महिला अभ्यर्थियों के लिये उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 10 (दस) वर्ष तक शिथिलनीय होगी ।
4. छत्तीसगढ़ राज्य के भूतपूर्व सैनिक, अ.ज.जा./अ.जा. तथा अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की अन्तजार्तीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अधिन पुरूस्कार प्राप्त एवं स्वयंसेवी नगर सैनिको को छत्तीसगढ़ शासन के नियमानुसार आयु में शिथिलता प्रदान की जावेगी ।
5. उपरोक्त उल्लेखित किसी एक या एक से अधिक संवर्गों के अधिन आयु में छूट दिये जाने के उपरांत भी संघ के सेवा हेतु पात्र होने के लिये अधिकतम आयु किसी भी दसा में 45 वर्ष से अधिक नही होगी ।

(स) अन्य अर्हतायें :–

1. मानसिक तथा शारीरिक रूप से स्वस्थ हो ।
2. अन्य किसी भी सेवा नियोजन का गबनशुदा न हो, आर्थिक अथवा अन्य किसी अपराध के लिये कार्यवाही जारी/ पंजीकृत न हो, किसी न्यायालय से सजायाप्ता न हो ।
3. छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाईटी अधिनियम, 1960 के प्रावधानों के अन्तर्गत किसी संचालक का परिभाषित संबंधी न हो ।

(द) चयन प्रकिया :–

1. प्रबंधक पद चयन किये जाने हेतु 125 अंक निर्धारित किये जाते है, जो अभ्यर्थी की योग्यता के आधार पर निम्नानुसार प्रदान किये जायेंगे :–

(क) 10+2 हायर सेकेण्डरी परीक्षा में कुल प्राप्तांक प्रतिशत के बराबर अंक प्रदान किये जायेंगे (अधिकतम 100 अंक) । उदाहरणार्थ – यदि किसी आवेदक को हायर सेकेण्डरी परीक्षा में 75.05 प्रतिशत अंक प्राप्त हुये है तो उसे 75.05 अंक दिये जायेंगे)



Scanned with OKEN Scanner

(ख) स्नातक परीक्षा में प्राप्त प्रतिशत अंको के अनुपात में 1/5 अंक दिये जायेंगे अधिकतम – 20 अंक) (उदाहरणार्थ – 70 प्रतिशत प्राप्तांक को 14 अंक दिये जायेंगे)

(ग) छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त किसी संस्था से कम्प्यूटर एप्लीकेशन में प्राप्त सर्टिफिकेट/ डिप्लोमा/ डिग्री हेतु अधिकतम 5 अंक दिये जायेंगे। सर्टिफिकेट/ डिप्लोमा हेतु 3 अंक एवं उच्चतर डिग्री हेतु 5 अंक दिये जायेंगे ।

(घ) कम्प्यूटर के संबंध में मौखिक साक्षात्कार जिला जावेगा, जिसमें कम्प्यूटर का ज्ञान आवश्यक है ।

**(इ) नियुक्ति हेतु प्रकिया :–**

1. चयनित अभ्यर्थी को अपना मूल दस्तावेजों को चयन समिति के पास प्रस्तुत करना अनिवार्य है ।
2. कार्य पर उपस्थित होने के पूर्व प्रबंधक पद के लिये चयनित अभ्यर्थी का पुलिस से सत्यापन अनिवार्य होगा ।
3. चयनित अभ्यर्थी को चिकित्सा जांच (शासकीय चिकित्सालय) के मापदंडो में स्वस्थ पाया जाना अनिवार्य होगा इस हेतु अभ्यर्थी को जिला चिकित्सालय के मेडिकल बोर्ड का चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा ।
4. नियुक्ति के पूर्व अभ्यर्थी को प्रत्याभूति के रूप में रूपये 10,000/– (रूपये दस हजार रूपये मात्र) नगद अथवा सावधि जमा अथवा सालवेन्सी के रूप में संस्था में जमा करना होगा ।
5. चयनित अभ्यर्थी एक वर्ष की अवधि तक परिवीक्षा पर कार्यरत रहेगा । तत्पश्चात उसे नियमिति किया जावेगा ।

(फ) वेतन :–

प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के प्रबंधको को छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ मर्यादित रायपुर द्वारा निर्धारित वेतन देय होगा ।

(ग) यात्रा भत्ता :–

प्रबंधको को संघ द्वारा स्वीकृत दरों पर यात्रा भत्ता देय होगा ।

प्रबंध संचालक,
जिला वनोपज सहकारी यूनि. मर्या.
महासमुंद वनमण्डल, महासमुन्द

D:\PMishra\Establishment\Prabandhak Bharti/Letter & order

Scanned with OKEN Scanner

# आवेदन पत्र का प्रारूप

आवेदक का नवीनतम पासपोर्ट फोटो चस्पा करें

प्रति,

प्रबंध संचालक
जिला लघुवनोपज संघ मर्या.
महासमुन्द

आवेदित पद का नाम :- प्रबंधक, प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति ........

1 आवेदक का पूरा नाम ....................................................................

2 पिता/पति का नाम ....................................................................

3 जाति (अना./अपिव/अजा./अजजा) ............................ लिंग :- महिला / पुरूष

4 जन्म तिथि ....../....../............

5 दिनांक 01/01/2024 को आयु दिन .......... माह .......... वर्ष ..............

6 आवेदक का स्थायी पता (निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें) ....................................................................
....................................................................
....................................................................

7 आवेदक का वर्तमान पता (निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें) ....................................................................
....................................................................
....................................................................

8 विगत पांच वर्षो में परिवार द्वारा तेन्दूपत्ता संग्रहण की जानकारी (संग्रहण कार्ड की छायाप्रति संलग्न करें)
संग्रहण वर्ष 2020 संग्रहित मात्रा ............
संग्रहण वर्ष 2021 संग्रहित मात्रा ............
संग्रहण वर्ष 2022 संग्रहित मात्रा ............
संग्रहण वर्ष 2023 संग्रहित मात्रा ............
संग्रहण वर्ष 2024 संग्रहित मात्रा ............

9 रोजगार कार्यालय का नाम एवं जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र ....................................................................

10 शैक्षणिक योग्यता :-

| क्र. | उत्तीण परीक्षा का नाम | बोर्ड/वि.वि. का नाम | वर्ष | प्राप्तांक/पूर्णांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हाईस्कूल | | | | |
| 2 | हायर सेकण्डरी | | | | |
| 3 | स्नातक | | | | |
| 4 | कम्प्यूटर (सर्टिफिकेट/डिप्लामा/डिग्री) | | | | |

Scanned with OKEN Scanner

11 क्या आवेदक भूतपूर्व सैनिक है? ..............................................................
हां/नही (यदि हां तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें ।)

12 अनुभव :- यदि आप शासकीय/अर्द्धशासकीय/निगम/मण्डल में कार्यरत हैं तो निम्नलिखित प्रारूप को भरें एवं नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करें ।

| क्र. | संस्था का नाम | पद का नाम | अवधि (कब से कब तक) |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| 2 | | | |
| 3 | | | |
| 4 | | | |

टीप :- यदि वर्तमान में कालम नं 12 में दर्शित पदों पर कार्यरत है तो नियुक्तिकर्ता अधिकारी का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा ।

**शैक्षणिक एवं अन्य योग्यता प्रमाण पत्रों की सूची -**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | | 6 | |
| 2 | | 7 | |
| 3 | | 8 | |
| 4 | | 9 | |
| 5 | | 10 | |

(कुल सहपत्रों की संख्या ............ )

आवेदक / आवेदिका के हस्ताक्षर

## // घोषणा पत्र //

मै एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दिया गया उपर्युक्त विवरण सही है । यदि उपर्युक्त विवरण का कोई भी अंश असत्य पाया जाता है तो नियुक्ति के पश्चात् भी विभाग द्वारा मेरी सेवा समाप्त किये जाने अथवा किसी भी दण्ड जो उचित समझे के लिए मै स्वयं उत्तरदायी रहूँगा/रहूँगी ।

आवेदक / आवेदिका के हस्ताक्षर

Scanned with OKEN Scanner